## स्पॉट फाईन दल के 4 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारी पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट व राकेश ललावत द्वारा खुले में कचरा डालने वाले नागरिक, दुकानदार, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करने साथ 2 माह पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक व 75 मॉईक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथीन प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी उनके भण्डारण, विक्रय करने वाले दुकादारों पर भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।

## रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

रतलाम। रतलाम स्थापना महोत्वस समिति की बैठक 1 फरवरी को समिति के संस्थापक व समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम कर रतलाम स्थापना दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने पर सर्वानुमति से विचार-विमर्श किया गया।

## नगर निगम के विभिन्न करों से 11.14 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

रतलाम। संपतिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 02 फरवरी बुधवार को कुल राशि रूपये 11,41,274/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 02 फरवरी बुधवार को संपतिकर शिविर से 119587, कार्यालय 382462, वसूली दल 56884 कुल 558933, जलकर शिविर 81770, वसूली दल 64145, कार्यालय 371484 कुल 517399, कम्पाउडिंग 31580, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 8739 व वसूली दल 21523 कुल 30262, बगैर मास्क वालो पर स्पॉट फाईन 1700, गंदगी करने पर 1400 इस तरह कुल राषि रूपये 11,41,274/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

प्रसारण 3/2/22

## स्पॉट फाइन दल के 4 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम | कचरा फेंकने वाले नागरिकों, दुकानदार और प्रतिष्ठानों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्पॉट फाइन दल के चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें पवन झांझोट, आकाश, शिंदे, मनोज झांझोट, राकेश ललावत शामिल हैं। नगर निगम दो माह पहले सिंगल यूज प्लास्टिक व 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाली पॉलीथिन प्रतिबंधित कर चुका है। बावजूद दल ने अब तक भंडारण, विक्रय करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

दै. भास्कर 3/2/22

## स्पाट फाइन दल के चार कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फ़ाइन दल के कर्मचारी पवन झांझोट, आकाष शिंदे, मनोज झांझोट व राकेश ललावत द्वारा खुले में कचरा डालने वाले नागरिक, दुकानदार, व्यावसायिक प्रतिष्ठानो पर कोई प्रभावी कार्रवाई नही करने व दो माह पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक व 75 माइक्रोन से कम मोटाई की पालिथीन प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी उनके भंडारण, विक्रय करने वाले दुकादारो पर भी कोई कार्रवाई नही करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।

नईदुनिया 3/2/22

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों में सभी जुट जाएं -झारिया

'दैनिक अवन्तिका' ›› रतलाम



स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को उच्चतम रैंकिग प्राप्त हो इस हेतु सर्वेक्षण के प्रत्येक क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त किये जाने हेतु तेजी से कार्य किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी, वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को उच्चतम रैंकिग दिलाने हेतु सभी को मिलकर सभी मापदण्डों में तेजी से कार्य करना है। उन्होने निर्देषित किया कि रतलाम को 5 स्टार रैंकिग, ओडीएफ, प्रेरक दौड़ में प्लेटिनम के के साथ ही वॉटर में भी क्वालीफाय करना है।

बैठक में उन्होने निर्देशित किया कि स्वच्छता में प्रत्येक वार्ड नम्बर 1 बने यह नियुक्त पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी इस हेतु वे अपने-अपने वार्ड की नियमित रूप से मॉनीटरिंग कर स्वच्छता संबंधी कार्य पूर्ण करावें। इसके अलावा उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि स्वच्छता संकल्प माह फरवरी में प्राप्त कैलेण्डर के तहत स्वच्छता ऐप, सीएडडी अपषिश्ट संग्रहण सुविधाऐं, प्लास्टिक प्रतिबंध, उपभोक्ता प्रभार, प्रसंस्करण केन्द्रों का संधारण एवं रख रखाव के तहत कार्य करना सुनिष्चित करें।

शहर के नाले-नालियों-जल स्त्रोतों की सफाई हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने तीन दिवस में कार्य योजना बनाने व सोमवार से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि स्वच्छता ऐप में प्राप्त शिकायतों का निराकरण 12 घन्टे के स्थान पर 10 घन्टें में करें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर में गंदगी होती है इस हेतु 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना आवष्यक है इसलिये इनके विक्रय व उपयोग पर रोक लगाई जाये। प्रथम चरण में विक्रेताओं पर जुमार्ना किया जाये इसके बाद विक्रय किया जाता है तो 7 फरवरी से संबंधित की दुकानें सील करने की कार्यवाही की जाये।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे से घ[र] पर ही मटके या बाल्टी में जैवि[क] खाद बनाना प्रारंभ करें व इसके फोटो व्हाट्स ऐप ग्रुप में अपलो[ड] करें। बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, श्री मोहम्म[द] हनीफ षेख, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री सर्वश्री एम.के. जैन, अरवि[न्द] दशोत्तर, एस.पी. आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री बी.एल. चौधरी, श्री राजेश पाटीदार, श्री ब्रजेश कुषवाह, श्री मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, झो[न] प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री प[...] हाड़े, उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मे[न्द्र] दोगाया सहित नियुक्त पर्यवेक्ष[क] उपस्थित थे। अवन्तिका

अवन्तिका 3/2/22

जनवसुनवाई

# जनसुनवाई : 778 शिकायत पड़ी लंबित, समाधान के लिए 6 फरवरी तक डेडलाइन

पत्रिका डेटा डिकोडेड



रतलाम. शहर के नगर निगम ने आम व्यक्ति की पीड़ा के समय पर समाधान के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा शुरू किए गए जनसुनवाई आयोजन को मजाक बनाकर रख दिया है। अब तक 778 आवेदन लंबित है व इनका निराकरण करने में विभागीय अधिकारियों की कोई रुचि नहीं है। ऐसे में अब निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को 6 फरवरी याने की एक सप्ताह का समय जनसुनवाई के आवेदनों की समस्याओं के समाधान के लिए दिया है। निगम में सबसे अधिक शिकायत रोड के अतिक्रमण व गंदगी को लेकर है।

निगम सहित सभी सरकारी कार्यालयों में प्रति मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई होती है। इसमे विभाग से जुड़ी वे समस्याएं जो विभागीय स्तर पर समाधान नहीं होती है, उनको लेकर आमजन विभाग प्रमुख के पास पहुंचता है। नगर निगम में तो विभाग प्रमुख ने साप्ताहिक जनसुनवाई में बैठना ही छोड़ दिया है। ऐसे में जिन विभाग की शिकायत आती है, कार्यालय अधीक्षक उस विभाग के पास भेज देते है। ऐसे में शिकायत फिर वही पहुंच जाती है जहां से परेशान होकर पीड़ित व्यक्ति जनसुनवाई में पहुंचा था।

## फैक्ट फाइल

| विभाग | लंबित |
|---|---|
| रोड पर अतिक्रमण | 225 |
| गंदगी | 312 |
| पेयजल लीकेज | 119 |
| नामातंरण | 40 |
| अन्य | 83 |
| **कुल** | **778** |

सभी विभाग प्रमुख को कुल 773 लंबित जनसुनवाई की शिकायत समाधान के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया है। जिन विभाग में एक भी शिकायत लंबित रहेगी, विभाग प्रमुख का पूरे माह का वेतन काट दिया जाएगा।
**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका ३/२/२२

## सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण में रतलाम बना नम्बर-1

रतलाम ● नगर निगम रतलाम द्वारा सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जनवरी 2022 में 93.59 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ''ए'' ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आयुक्त संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश शासन निकुंज कुमार श्रीवास्तव आईएएस ने पत्र प्रेषित कर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा व समर्पण से कार्य कर रतलाम नगर निगम को उत्कृष्ठ स्थान पर बनाए रखने की आशा की।

# ...स्वच्छ व सुरक्षित बनाएं

योजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सिंह लुनेरा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य कुमावत, पर्यावरणविद् खुशालसिंह ..., नगर निगम परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक ... विशेष रुप से उपस्थित रहे।

...वागत भाषण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ ... ने देते हुए विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व ...श डलते हुए कहा कि इस दिन को मनाए ... उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स ...निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में ...कता बढ़ाना है। उन्होंने अमृत सागर जीर्णोद्धार ... योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते ...ने वाले कुछ माह में अमृतसागर तालाब प्रदेश ...ती प्राप्त करेगा।

...कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने ... विश्व वेटलैंड्स दिवस हर साल 2 फरवरी ...न के शहर रामसर में केस्पियन सागर के तट ...फरवरी 1971 को वेटलैंड्स के संरक्षण पर ...वेंशन को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता ...ने कहा कि वेटलैंड्स एक ऐसा स्थान है जहां पौधे और पशु प्रजातियों की घनी विविधता पाई जाती है और ये जैव विविधता से भी समृद्ध होता है और जो शोधकर्ताओं के अनुमान के अनुसार घटता जा रहा है। ये ऐसे भूमि क्षेत्र हैं जो हमेशा या मौसम में संतृप्त या जलमग्न रहते हैं।

पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहा विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्द्र भूमि सहेजने की पुरूआत ईरान में आयोजित सम्मेलन से हुई। भोपाल का भोज तालाब वेंटलैंड है इसी प्रकार से हमारे रतलाम में अमृत सागर तालाब वेंटलैंड है इसके जीर्णोद्धार तो नगर निगम कर ही रही है हमें भी इसे सहेजने में अपना योगदान देना है।

पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने कहा कि पृथ्वी पर जीवों के विकास की एक लम्बी कहानी है और इस कहानी का सार यह है कि धरती पर सिर्फ हमारा ही अधिकार नहीं है अपितु इसके विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ो प्रजातियों का भी इस पर उतना ही अधिका है जितना कि हमारा इसलिये धरती को सहेजना है।

प्रसारण

# नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया वर्ल्ड वेटलैंड डे



**सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग जमा**

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक आयोजन में देशभक्ति व स्वच्छता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी गई। यहां निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, झोन प्रभारी किरण चौहान सहित अन्य गायक कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दे कर समा बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता गीत का विमोचन भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त विकास सोलंकी, पूर्व पार्षद प्रह्लाद पटेल, श्रीमती सोना शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, श्रीमती दिव्या पाटीदार जोशी, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, नागरिक व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

## क्विज और परिचर्चा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

विश्व वेटलेंड दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत अमृत सागर थीम पर केन्द्रीत सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, पारम्परिक महत्व पर आधारित संगोष्ठी, परिचर्चा, क्विज आदि के आयोजन किए गए थे। इसके तहत उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां आयोजित क्विज प्रतियोगिता में संजना मोयल, रोहित यादव और मनीष भरावत ने श्रेष्ठ प्रस्तुति देकर पुरुस्कार प्राप्त किया। इसी तरह परिचर्चा में मनीषा भरावत और धीरज यादव ने पुरुस्कार प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगियों को भी प्रमाण पत्र भेंट किए गए।

प्रसारण 3/2/22

## वार्ड नंबर 4 में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रतलाम । शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से नगर में सड़कों के नवनिर्माण का कार्य आरंभ हो गया है। मंगलवार को भाजपा अम्बेडकर मण्डल के वार्ड नंबर 4 में अम्बर किराना के सामने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित विशेष रूप उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने बताया कि भूमिपूजन कार्य पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुरोहित, मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयुर पुरोहित ने सम्पन्न किया। इस दौरान पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, मण्डल महामंत्री विनोद यादव, लोकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष भरत तंवर, हर्ष जाधव, किशोर लोदवाल, प्रवीण दीक्षित, विजय पाण्डे, पूजा शर्मा, कोषाध्यक्ष धरमवीरसिंह, मीडिया प्रभारी अंकित कुशवाह, मण्डल मंत्री किरण महावर, कार्यालय मंत्री कमल गुरनानी, अजा मोर्चा जिला मंत्री ज्योति खण्डेलवाल, जिला उपाध्यक्ष किशोर बड़गोत्या, भाजपा नेता सुभेन्द्रसिंह गुर्जर, सरोज गुप्ता, अनुज शर्मा, अश्विनी शर्मा, सुनील पाल, हेमंत दावरे, पूनम ठाकुर, राजेश दुग्गल, सुनील जोशी, चेतन मदान, दिलीप राठौर, रवि व्यास, विश्णुदत्त नागर, रवि सोलंकी, सज्जनसिंह, विजयराजसिंह, रविकांत सोलंकी, गीतांजलि महावर, रजनी गोठवाल आदि मौजूद रहे। नवभारत

नवभारत 3/2/22

## वार्ड नंबर-4 में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

स्वदेश

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से नगर में सड़कों के नवनिर्माण का कार्य आरंभ हो गया है। मंगलवार को भाजपा आंबेडकर मण्डल के वार्ड नंबर 4 में अम्बर किराना के सामने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित विशेष रूप उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने बताया कि भूमिपूजन कार्य पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुरोहित, मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयुर पुरोहित ने सम्पन्न किया।

स्वदेश 3/2/22

# धरती को स्वच्छ व सुरक्षित बनाएं

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

हमारे सौरमंडल में केवल धरती ही ऐसा ग्रह है, जहां जीवन है, जहां नदी, झरने, पहाड़, वन, अनेक जंतु प्रजातियां हैं और जहां हम सब मनुष्य भी हैं। लेकिन हम सब की लालच और लापरवाही ने ना केवल दूसरी जीव प्रजातियों के लिए बल्कि खुद अपने लिए और संपूर्ण धरती के लिए संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन हमें जागरूक करने के लिए जरूरी हैं। आइए इस पृथ्वी दिवस पर हम धरती की पुकार सुनें और इसे स्वच्छ-सुरक्षित बनाए रखने में अपना भरपूर योगदान दें

उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने नगर निगम द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होने शहर के प्राचीन अमृतसागर तालाब के जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम प्रशासन को शुभकामनाए भी दी।

अमृतसागर उद्यान में विश्व आद्र भूमि दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्रार्चाय सुभाष कुमावत, पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, नगर निगम परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल विशेष रुप से उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देते हुए विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डलते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होने अमृत सागर जीर्णोद्वार से जुड़ी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आने वाले कुछ माह में अमृतसागर तालाब प्रदेश में ख्याती प्राप्त करेगा।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहां कि विश्व वेटलैंड्स दिवस हर साल 2 फरवरी को ईरान के शहर रामसर में केस्पियन सागर के तट पर 2 फरवरी 1971 को वेटलैंड्स के संरक्षण पर हुए कन्वेंशन को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वेटलैंड्स एक ऐसा स्थान है जहां पौधे और पशु प्रजातियों की घनी विविधता पाई जाती है और ये जैव विविधता से भी समृद्ध होता हैं और जो शोधकर्ताओं के अनुमान के अनुसार घटता जा रहा है। ये ऐसे भूमि क्षेत्र हैं जो हमेशा या मौसम में संतृप्त या जलमग्न रहते हैं।

पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां कि आर्द्र भूमि सहेजने की शुरूआत ईरान में आयोजित सम्मेलन से हुई। भोपाल का भोज तालाब वेंटलैंड है इसी प्रकार से हमारे रतलाम में अमृत सागर तालाब वेंटलैंड है इसके जीर्णोद्धार तो नगर निगम कर ही रही है हमें भी इसे सहेजने में अपना योगदान देना है।

पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने कहा कि पृथ्वी पर जीवों के विकास की एक लम्बी कहानी है और इस कहानी का सार यह है कि धरती पर सिर्फ हमारा ही अधिकार नहीं है अपितु इसके विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ो प्रजातियों का भी इस पर उतना ही अधिका है जितना कि हमारा इसलिये धरती को सहेजना है।

प्रसारण

## नगर नि... के सा...



सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग जम...

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक आयोजन में देशभक्ति व स्वच्छता से जुड़े... आयुक्त सोमनाथ झारिया, झोन प्रभारी किरण चौहान सहित अन्य गायक कला... समा बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता गीत का विमोचन भी किया गया।... विकास सोलंकी, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, श्रीमती सोना शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृ... प्रतिनिधि राकेश मीणा, ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, श्रीमती दिव्या पाटीदार जोशी... नागरिक व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रसारण 3/2/22

# स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में सभी जुट जाएं

## आयुक्त ने ली निगम अधिकारी, वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक

रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में रतलाम को उच्चतम रैंकिंग प्राप्त हो इस हेतु सर्वेक्षण के प्रत्येक क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त किए जाने हेतु तेजी से कार्य किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी, वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक ली।



श्री झारिया ने निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में रतलाम को उच्चतम रैंकिंग दिलाने हेतु सभी को मिलकर सभी मापदण्डों में तेजी से कार्य करना है। उन्होंने निर्देशित किया कि रतलाम को 5 स्टार रैंकिंग, ओडीएफ , प्रेरक दौड़ में प्लेटिनम के साथ ही वॉटर में भी क्वालीफाय करना है। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता में प्रत्येक वार्ड नम्बर 1 बने यह नियुक्त पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी इस हेतु वे अपने-अपने वार्ड की नियमित रूप से मॉनीटरिंग कर स्वच्छता संबंधी कार्य पूर्ण कराएं। इसके अलावा उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि स्वच्छता संकल्प माह फरवरी में प्राप्त कैलेण्डर के तहत स्वच्छता एप, सीएडडी अपशिष्ट संग्रहण सुविधाएं, प्लास्टिक प्रतिबंध, उपभोक्ता प्रभार, प्रसंस्करण केन्द्रों का संधारण एवं रख रखाव के तहत कार्य करना सुनिश्चित करें। शहर के नाले-नालियों-जल स्त्रोतों की सफाई हेतु निगम आयुक्त ने तीन दिवस में कार्य योजना बनाने व सोमवार से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता एप में प्राप्त शिकायतों का निराकरण 12 घन्टे के स्थान पर 10 घन्टे में करें।

श्री झारिया ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर में गंदगी होती है इस हेतु 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है इसलिए इनके विक्रय व उपयोग पर रोक लगाई जाए। प्रथम चरण में विक्रेताओं पर जुर्माना किया जाए, इस
बाद विक्रय किया जाता है तो 7 फरवरी
संबंधित की दुकानें सील करने की कार्रव
की जाए। श्री झारिया ने सभी अधिकारी
कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अ
घरों से निकलने वाले गीले कचरे से घर
ही मटके या बॉल्टी में जैविक खाद बना
प्रारंभ करें व इसके फोटो व्हाट्स एप ग्रुप
अपलोड करें। स्वदेश

स्वतंत्र ऐलान 3/2/22

# 3 दिनी रतलाम स्थापना महोत्सव आज से, 5 को नगर गौरव दिवस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

5 फरवरी को वसंत पंचमी के तहत 3 दिनी रतलाम स्थापना महोत्सव मनाया जाएगा। इस बार इसे नगर गौरव दिवस के रूप में मनाएंगे।

तैयारियों को लेकर रतलाम स्थापना महोत्सव समिति की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया महोत्सव का शुभारंभ 3 फरवरी को शाम 7 बजे राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण के साथ होगा। 4 फरवरी को शाम 7.30 बजे से 8.30 बजे तक प्रमुख चौराहों पर आतिशबाजी की जाएगी। वसंत पंचमी 5 फरवरी को नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंहजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन होगा। साथ ही रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मुख्य अतिथि विधायक चैतन्य काश्यप होंगे। शाम 6.30 बजे गुलाब चक्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संस्थापक व समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, बालमुकुंद चावड़, असीम व्यास, राकेश परमार, मुकेश व्यास आदि उपस्थित रहे। भास्कर

दै. भास्कर 3/2/22

# कोरोना की तीसरी लहर में तीसरी मौत

## 103 नए पाजिटिव केस, 132 मरीज स्वस्थ हुए

रतलाम। कोरोना की तीसरी लहर में जनवरी के बाद फरवरी के दूसरे दिन बुधवार को तीसरी मौत हुई। इससे मौत का कुल आंकड़ा बढ़कर 314 हो गया है। लगातार नए पाजिटिव केस की संख्या कम हो रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि लगातार 19वें दिन बुधवार को भी 100 से ज्यादा पाजिटिव केस सामने आए, लेकिन सक्रिय केस तेज़ी से कम हो रहे हैं।

मंगलवार को जिले के जावरा में हाथीखाना निवासी 50 वर्षीय अधेड़ की कोरोना से मौत हो गई। उन्हें एक फरवरी को भर्ती कराया गया था और दो फरवरी को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। 102 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 128 मरीजों



को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 799 रह गई है। जिले में अब तक 20331 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 19218 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 314 है। शासकीय मेडिकल कालेज की लैब से 1126 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।

### जिले में कोरोना मरीजों की स्थिति

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 02 फरवरी | 102 |
| 01 फरवरी | 103 |
| 31 जनवरी | 114 |
| 30 जनवरी | 119 |
| 29 जनवरी | 120 |
| 28 जनवरी | 120 |

नई.

नईदुनिया 3/2/22

# कस्तूरबा नगर मेन रोड पर पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला



रतलाम | कस्तूरबानगर मेन रोड पर बुधवार सुबह 4 बजे एक पेड़ गिर गया। वो तो गनीमत रही कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इससे रास्ता रूक गया। इससे लोगों को अन्य रोड से होकर गुजरना पड़ा वहीं बिजली के तार भी टूट गए। सुबह पेड़ हटाया तब कहीं जाकर आवागमन शुरू हो पाया। फोटो-प्रहलाद बहादर

भास्कर

दै. भास्कर 3/2/22

# नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियां शुरू

**रतलाम।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की रतलाम में नगर निगम ने चौतरफा तैयारी शुरू कर दी है। कचरा संग्रहण, निष्पादन के साथ मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देर रात तक निगम का अमला सड़कों पर सक्रियता दिखा रहा है। शासन द्वारा मुख्य सर्वेक्षण आगामी मार्च महीने में और ओडीएफ प्लस का सर्वेक्षण फरवरी में ही किए जाने के संकेत मिले हैं। इस सर्वेक्षण में रतलाम अव्वल तभी आएगा, जब निगम कर्मियों के साथ शहरवासी भी सक्रियता और जागरूकता दिखाएंगे।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला कड़कड़ाती ठंड में रात दस बजे बाद सड़क पर सक्रियता दिखाता नजर आया है। इसका सबूत निगम अधिकारियों का वाट्सएप ग्रुप है, जिनपर प्रतिदिन अलग-अलग जोन में सफाई के बाद कर्मचारियों के दल फोटो डाल रहे हैं। निगम अधिकारी भी नियमित निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही कर रहे हैं।

बताया जाता है कि इस बार का स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 7500 अंकों की परीक्षा का होगा। जबकि वर्ष 2021 के सर्वेक्षण में 6000 अंक ही तय किए गए थे। 2022 के सर्वे में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को भी महत्व दिया गया है, जिससे कर्मचारियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सर्वेक्षण के अंकों में 3000 अंक सेवा स्तर प्रगति, 2250 अंक नागरिकों की आवाज और 2250 अंक प्रमाणीकरण के रहेंगे। 3000 अंकों में कचरे को अलग-अलग करने व निस्तारण करने सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए निगम द्वारा होटलों, रेस्टोरेंट, कार्यालयों, बाजार में सफाई प्रतियोगिता कराकर उन्हें स्वच्छता के आधार पर रैंकिंग देने की योजना बनाई गई है, वहीं गंदगी मिलने पर जुर्माना करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से रोकने पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा उद्यानों को बेहतर कर हर्बल गार्डन बनाने, कचरा संग्रहण व निष्पादन के लिए जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड को सुविधायुक्त बनाने के साथ-साथ निगम अमले को वाकी-टाकी देने और जीपीएस सिस्टम से कचरा वाहनों की निगरानी करने का कार्य किया जा रहा है।

हालांकि शहर के अधिकांश वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन नियमित नहीं आ रहे हैं। कुछ वार्डों के वाहन खराब हो गए हैं, जबकि कुछ वार्डों में वाहन नहीं आने से सड़क पर कचरे के ढेर लगना आरंभ हो गए हैं। कई वार्डों में नागरिक अभी भी सड़क पर कचरा डाल रहे हैं। शहर में सार्वजनिक स्थलों पर भी कचरा संग्रहण के लिए अलग से वाहन लगाने की जरूरत है, लेकिन वार्डों के वाहन देखकर उसकी पूर्ति होना असंभव दिख रही है। पिछले 6 सालों के सर्वेक्षणों में वर्ष 2016 में 79, वर्ष 2017 में 48, वर्ष 2018 में 72, वर्ष 2019 में 62, वर्ष 2020 में 49 और वर्ष 2021 में 42 वें स्थान पर रतलाम रहा है। यदि हर स्तर पर प्रयास नहीं हुए, तो रतलाम के अव्वल आने का सपना पूरा नहीं हो पाएगा।

उपग्रह

उपग्रह 3/2/22